भीम

राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर)

☎ Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321

Website : www.rrbmuniv.ac.in

क्रमांक : राऋभमवि/अल/परीक्षा /2021/1312 दिनांक : 23/11/2021

स्नातक प्रथम वर्ष के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की परीक्षा-2021 से सम्बन्धी आवश्यक सूचना

शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार के परिपत्र दिनांक 11.08.2021 द्वारा दिये गये निर्देश एवं माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार सूचित किया जाता है कि स्नातक (बीए/बीएससी/बीकॉम) प्रथम वर्ष परीक्षा-2021 के पंजीकृत विद्यार्थियों के 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं के प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षा परिणाम घोषित कर अंकतालिका जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त प्रयोजनार्थ स्नातक प्रथम वर्ष (बीए/बीएससी/बीकॉम) परीक्षा-2021 के स्वयंपाठी (Non Collegiate) विद्यार्थियों द्वारा निम्नलिखित प्रक्रिया पूर्ण की जानी है :

1. सर्वप्रथम विद्यार्थी वेबसाईट www.univindia.org पर Visit कर प्रवेश पत्र डाउनलोड करें।
2. 10वीं व 12वीं कक्षा के अंकों को अपलोड करने के लिए पुन: वेबसाईट www.univindia.org पर Visit करें तथा अपनी कक्षा का चयन कर, रोलनम्बर/जन्मतिथि/माता का नाम अंकित करें।
3. समस्त व्यक्तिगत विवरण मिलान करने के पश्चात Fill Data पर Click कर 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं के अंकों का डाटा पृथक-पृथक अपलोड करें।
4. 10^{th} & 12^{th} Original Mark-Sheets अपलोड करें।
5. अपना समस्त विवरण एवं अंक मूल अंकतालिका से सत्यापित कर Submit करें।
6. उक्त वर्णित प्रक्रिया स्वयंपाठी (Non Collegiate) विद्यार्थी द्वारा स्वयं ही दिनांक 10.12.2021 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करनी होगी।

सभी स्वयंपाठी विद्यार्थी यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा भरा हुआ सभी विवरण एवं अंक मूल अंकतालिकाओं से पूर्णतया मिलान करने के पश्चात ही अपलोड किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा जांच करने, परीक्षा परिणाम जारी करते समय अथवा बाद में यह पाया जाता है कि सम्बन्धित विद्यार्थी ने मूल अंकतालिकाओं में दर्ज अंकों के स्थान पर त्रुटिपूर्वक/कूटरचित तरीके से गलत अंकों का ब्यौरा अपलोड किया है तो ऐसे विद्यार्थियों को न केवल परीक्षा परिणाम रोका जाएगा अपितु उनके विरूद्ध नियमानुसार उचित कार्यवाही भी की जाएगी।

छात्र सुविधा हेतु हेल्पलाईन नम्बर 9672612656 पर सम्पर्क कर सकते है।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : राऋभमवि/अल/परीक्षा /2021/1313-18 दिनांक : 23/11/2021

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1. संयुक्त शासन सचिव, सामान्य प्रशासन (ग्रुप-4) राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. कुलसचिव/वित्त नियंत्रक।
3. प्रभारी अधिकारी, आई.टी. को प्रेषित कर लेख है कि उक्त आवश्यक सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रसारित करने का श्रम करें।
4. सम्बन्धित परीक्षा कार्य कम्प्यूटर फर्म।
5. निजी सहायक, माननीय कुलपति महोदय।
6. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक